ग्यारहवां अंक
अप्रैल से जून, 2021

# रेलटेल गतिविधियाँ

## विश्व वाई–फाई दिवस समारोह का आयोजन




20 जून, 2021 को विश्व वाई–फाई दिवस के अवसर पर श्री पुनीत चावला , अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, रेलटेल, वैबेक्स के माध्यम से रेलटेल कार्यपालकों को संबोधित करते हुए।

## विश्व वाई–फाई दिवस के अवसर पर मानननीय केन्द्रीय मंत्रियों के संदेश




आज 20 जून, को वाई–फाई दिवस के अवसर पर मुझे यह जानकर बहुत खुशी हो रही है कि जम्मू और कश्मीर में कश्मीर घाटी के 15 स्टेशन अब रेलवायर वाई–फाई के साथ सज्जित हैं। यह क्षेत्र और देश के लोगों के लिए एक अतिरिक्त सुविधा होगी। भारतीय रेलवे अपने सीपीएसयू रेलटेल द्वारा बनाए गए स्टेशन वाई–फाई नेटवर्क के माध्यम से ग्रामीण विभाजन को पाटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। । मैं सभी को विश्व वाई–फाई दिवस की शुभकामनाएं देता हूं।''
– डॉ जितेंद्र सिंह, माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) DONER, MoS, PMO, DOAE, DOS, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय , भारत सरकार

आज, विश्व वाई–फाई दिवस पर, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि श्रीनगर और कश्मीर घाटी के 15 स्टेशन देश भर में 6000 स्टेशनों को जोड़ने वाले दुनिया के सबसे बड़े एकीकृत सार्वजनिक वाई–फाई नेटवर्क का हिस्सा बन गए हैं।
– श्री पीयूष गोयल, माननीय रेल मंत्री, वाणिज्य एवं उद्योग तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री, भारत सरकार ।

## कशमीर के सभी 15 स्टेशन वाई–फाई





टीम रेलटेल, उत्तरी क्षेत्र ने 20 जून, 2021 को वाई–फाई स्टेशनों का रोल आउट पूरा किया ।

# विश्व दूर संचार दिवस का आयोजन



17 मई, 2021 को विश्व दूरसंचार दिवस के अवसर पर, सीएमडी/रेलटेल श्री पुनीत चावला ने रेलटेल के अधिकारियों को अपने संबोधन में कहा, ''हमारी अस्पताल प्रबंधन सूचना प्रणाली और टेलीकंसल्टेशन ऐप बेहतर और कुशल सेवा प्रदान करने के लिए रेलवे अस्पतालों की मदद कर रहे हैं। हमें स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में अपना योगदान देने के लिए राज्य सरकारों तक अपनी पहुंच का विस्तार करने की जरूरत है ।'' उन्होंने यह भी कहा कि रेलटेल को शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से डिजिटल परिवर्तन के लिए स्मार्ट क्लासरूम, ऑनलाइन रिमोट प्रॉक्टर्ड परीक्षा, एकीकृत शैक्षणिक प्रबंधन प्रणाली आदि जैसी एआई आधारित सेवाएं प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है।

# पूर्व मध्य रेलवे के पटना सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में रेलटेल की अस्पताल सूचना प्रबंधन प्रणाली



27 जून, 2021 को श्री. ललित चंद्र त्रिवेदी, जीएम/ईसीआर, ने एजीएम, पीसीएसटीई, पीसीएमडी, डीआरएम/दानापुर, एमडी/सीएसएसएच और अन्य वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों की उपस्थिति में रेलटेल द्वारा कार्यान्वित पूर्व मध्य रेलवे के पटना सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में अस्पताल सूचना प्रबंधन प्रणाली का उद्घाटन किया।

# संशोधित रेलवायर वेबसाइट और ऐप का शुभारंभ




24 जून, 2021 को श्री पुनीत चावला, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक/रेलटेल ने आधिकारिक तौर पर रेलवॉयर के लिए एक नई वेबसाइट, मोबाइल ऐप और कॉलर ट्यून – का शुभारंभ किया। आधार वित्त वर्ष 20–21 में रेलवॉयर में ग्राहकों की संख्या में 145% की वृद्धि हुई है। क्षेत्रीय कार्यालयों ने भी वेबेक्स के माध्यम से इस कार्यक्रम में सहभागिता की ।

# आईपी आधारित वीडियो निगरानी प्रणाली



31 मई, 2021 को श्री गजानन मल्लया, महाप्रबंधक/दक्षिण मध्य रेलवे ने दक्षिण मध्य रेलवे के 17 स्टेशनों के लिए एकीकृत वीडियो निगरानी प्रणाली (वीएसएस) नियंत्रण कक्ष का उद्घाटन किया। रेलटेल ने निर्भया फंड के तहत इन 17 रेलवे स्टेशनों पर आईपी आधारित वीएसएस प्रदान किया है और फीड प्रदर्शित करने के लिए केंद्रीकृत नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है।

# रेलटेल डिजिटल परिवर्तन की सुविधा प्रदाता



FORTUNE

RailTel Facilitating Digital Transformation

SERVICES FOR BUSINESS CONTINUITY IN THE PANDEMIC ERA

Puneet Chawla, CMD, RailTel Corporation of India Ltd. in conversation with Fortune India Exchange

We are making continuous endeavor to include more innovative products and services which can help our customers become more efficient and gain competitive advantage.

विभिन्न संगठनों के डिजिटल परिवर्तन की सुविधा के लिए रेलटेल डिजिटल सेवाएं प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। 9 जून, 2021 को रेलटेल की सेवाओं और भविष्य की योजनाओं को ''फॉर्च्यून एक्सचेंज'' के साथ साझा करते हुए श्री पुनीत चावला, सीएमडी/रेलटेल।

# पूर्व मध्य रेलवे का हज़ारीबाग स्टेशन बना 6000वां वाई-फाई स्टेशन

15 मई, 2021 को पूर्व मध्य रेलवे के हज़ारीबाग स्टेशन के वाई–फाई से सज्जित होने पर रेलटेल को 6000वें वाई–फाई स्टेशन का कार्य पूर्ण करने की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। इस अविस्मरणीय यात्रा में हमारा समर्थन करने के लिए हम और हमारे सभी भागीदारों पर विश्वास दिखाने के लिए भारतीय रेलवे को धन्यवाद।





# गत तिमाही अप्रैल-जून, 2021 में रेलटेल की उपलब्धियों के मुख्यांश





रेलटेल ने अपनी अब तक की सबसे अधिक समेकित आय दर्ज की। कुल आय रु. 1411 करोड़, सालाना आधार पर 21प्रतिशत की वृद्धि।




रेलटेल ने 24 जून, 2021 को भारतीय वायु सेना (AFNET) से AFNET उपकरण और संबंधित वस्तुओं के लिए 2 साल तक व्यापक वार्षिक रखरखाव प्रदान करने के लिए 89.09 करोड़ रुपये का वर्क ऑर्डर प्राप्त हुआ है।



19 जून, 2021 को रेलटेल को 5 साल के लिए एमपीएलएस वीपीएन सेवा और एएमसी प्रदान करने के लिए बीसीसीएल से 119.74 करोड़ रुपये का बड़ा ऑर्डर मिला है। इसके साथ रेलटेल ने आने वाले 5 वर्षों में कोयला क्षेत्र से 680 करोड़ ने रुपये का गारंटीकृत राजस्व हासिल किया है।




रेलटेल को मैसर्स एक्सोम सर्व शिक्षा अभियान मिशन से एसडीएमआईएस प्रबंधन तथा उपस्थिति दर्ज करने के लिए कृत्रिम बुद्धि आधारित पहचान प्रणाली के परिनियोजन हेतु 11. 99 करोड़ रुपये का वर्क आर्डर प्राप्त हुआ है।




7 अप्रैल, 2021 को रेलटेल को नेटवर्क परिचालन केन्द्र स्थापित करने के लिए रक्षा लेखा महानियंत्रक से 22.38 करोड़ रुपये का वर्क आर्डर प्राप्त हुआ है।

## 7वें विश्व योग दिवस समारोह का आयोजन






21 जून, 2021 को 7वें विश्व योग दिवस के अवसर पर रेलटेल द्वारा वर्चुअल योग सत्र का आयोजन किया गया। रेलटेल के कार्यपालकों ने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य विकास के लिए, अपने कक्षों/सीटों से प्राणायाम और अन्य योग आसनों का अभ्यास करके वेबैक्स के माध्यम से सहभागिता की। इस अवसर पर रेलटेल के सीएमडी श्री पुनीत चावला ने वेबेक्स के माध्यम से रेलटेल के कार्यपालकों को संबोधित किया और योग के महत्व पर प्रकाश डाला।





7वें विश्व योग दिवस के अवसर पर अतिथि वक्ता प्रो. जे. पी. शर्मा (इन्दिरा गाँधी शारीरिक शिक्षा एवं खेल विज्ञान संसथान, दिल्ली विश्वविघालय) द्वारा योगाभ्यास कराया गया तथा योग के सैद्धान्तिक पक्ष पर भी प्रकाश डाला गया।

# रेलटेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का आयोजन




10 जून, 2021 को रेलटेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का रेलटेल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री पुनीत चावला की अध्यक्षता में वर्चुअल रूप से आयोजन किया गया जिसमें कॉर्पोरेट कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों , क्षेत्रीय कार्यालय प्रमुखों तथा टेरिटरी कार्यालयों ने सहभागिता की।

# रेलटेल के उत्तरी क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का आयोजन



18 जून, 2021 को उत्तरी क्षेत्र राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का श्रीमती विजयलक्ष्मी कौशिक, कार्यपालक निदेशक, की अध्यक्षता में आयोजन किया गया। बैठक में कार्पोरेट कार्यालय से श्री सुनील कुमार सिंह, कार्यपालक निदेशक/प्रशासन एवं सुरक्षा तथा मुख्य राजभाषा अधिकारी ने भी सहभागिता की। मुख्य राजभाषा अधिकारी ने राजभाषा अधिनियम, 1963 एवं राजभाषा नियम,1976 के बारे में कार्यपालकों को जानकारी दी तथा संसदीय राजभाषा समिति के निरीक्षण की प्रश्नावली के संबंध में आवश्यक अनुदेश दिए । दोनों अधिकारियों ने कार्यालय के दैनिक कामकाज में राजभाषा के प्रयोग प्रसार एवं अधिकाधिक राजभाषा में कार्य करने पर बल दिया।

# "राजभाषा पर एक वार्ता" विषय पर कार्यशाला का आयोजन



23 जून, 2021 को संसदीय राजभाषा समिति सचिवालय के अधिकारियों की उपस्थिति में उत्तरी क्षेत्र में ''राजभाषा पर एक वार्ता'' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। श्रीमती रंजनबेन धनंजय भट्ट , संसद सदस्य(लोक सभा) एवं सदस्य, संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उपसमति और सचिव, समिति सचिवालय श्रीमती मंजुला सक्सेना ने भी वेबेक्स के माध्यम से रेलटेल/उत्तरी क्षेत्र के अधिकारियों को संबोधित किया।

# रेलटेल, कॉर्पोरेट कार्यालय में वर्चुअल राजभाषा कार्यशाला का आयोजन





वर्चुअल राजभाषा कार्यशाला में वैबेक्स के माध्यम से 90 से अधिक कार्यपालकों ने सहभागिता की ।








26 मई 2021 को रेलटेल, कार्पोरेट कार्यालय ने अपोलो अस्पताल, नई दिल्ली के सहयोग से अपने कार्यपालकों और उनके परिवार के सदस्यों के लिए कार्यालय परिसर में कोविड टीकाकरण( प्रथम खुराक) शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 161 लाभार्थियों का टीकाकरण किया गया ।

## अभिनन्दन



श्रीमती विजयलक्ष्मी कौशिक (आईआरएसएसई) ने 27 अप्रैल, 2021 को रेलटेल के उत्तरी क्षेत्र, नई दिल्ली में कार्यपालक निदेशक के पद का कार्यभार ग्रहण किया। रेलटेल परिवार में इनका हार्दिक अभिनन्दन एवं स्वागत है ।

## रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड

**(भारत सरकार का उपक्रम, रेल मंत्रालय)**



**कॉर्पोरेट कार्यालय** : प्लेट–ए, छठा तल, ऑफिस ब्लॉक, टॉवर–2, ईस्ट किदवई नगर, नई दिल्ली–110023
दूरभाष : +91–11–22900600, फैक्स :+91–11–22900699, वेबसाईट : www.railtelindia.com

रेलटेल, कॉर्पोरेट कार्यालय के राजभाषा विभाग द्वारा प्रकाशित